आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 12.10.2025

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसान मेले में शिरकत की। कहा–किसानों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों के बीच ज्ञान, अनुभव और नवाचार का आदान प्रदान जरुरी है।
- आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत देहरादून में हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी की थीम पर सम्मेलन आयोजित।
- प्रदेश में जल्द प्राथमिक शिक्षा विभाग में 2100 सहायक अध्यापकों व माध्यमिक शिक्षा विभाग में 800 से अधिक पदों पर प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जायेगी।
- **और,** प्रदेश सरकार गंगोत्री क्षेत्र में केदारताल का स्थलीय सर्वेक्षण कर जियोलॉजिकल सर्वे करेगी।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित 118वे अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन मात्र कृषि उत्पादों और यंत्रों के प्रदर्शन तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये किसानों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों के बीच ज्ञान, अनुभव और नवाचार के आदान–प्रदान का महत्वपूर्ण माध्यम भी होते हैं। श्री धामी ने कहा कि इस प्रकार के कृषि मेलों के माध्यम से जहां एक ओर हमारे किसान भाई एक ही स्थान पर नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक यंत्रों और नई शोधों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, वहीं उन्हें विशेषज्ञों के अनुभवों से सीखने और अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी मिलता है।

## गणेश जोशी

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत देहरादून के विकासनगर में हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी की थीम पर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कई आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी घटाया है जिससे हर वर्ग को राहत मिली है। श्री जोशी ने कहा कि यह निर्णय आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। जब आम नागरिक की जेब में पैसा बचेगा, तो देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी।

सम्मेलन में मौजूद सभी लोगों ने स्वदेशी अपनाने की शपथ ली जिससे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार आये।

## अल्मोड़ा साहित्यिक महोत्सव

अल्मोड़ा के मल्ला महल में तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं और कार्यशाला आयोजित की गई। साहित्य महोत्सव में अंतरिक्ष पर जानकारी देने के लिए विभिन्न उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस दौरान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंकज पुरोहित ने भी संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने फ़ोटो प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी भी ली। न्यायाधीश पंकज पुरोहित ने कहा कि अल्मोड़ा साहित्य महोत्सव के आयोजन में युवाओं का प्रयास सराहनीय है। अल्मोड़ा साहित्य महोत्सव की निदेशक डॉ दीपा गुप्ता ने कहा कि आगे भी अल्मोड़ा साहित्य महोत्सव द्वारा इस तरह का आयोजन किया जाएगा।

## शिक्षा मंत्री

प्रदेश में जल्द प्राथमिक शिक्षा विभाग में 2100 सहायक अध्यापकों व माध्यमिक शिक्षा विभाग में 800 से अधिक पदों पर प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जायेगी। ये जानकारी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी। उन्होंने बताया कि सहायक अध्यापक भर्ती को लेकर उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग को चयनित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध करा दी है। जिसके क्रम में आयोग से चयनित 1 हजार 3 सौ 47 शिक्षकों को आगामी 14 अक्टूबर को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। डॉ. रावत ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक विद्यालयों में विषयवार शिक्षक उपलब्ध कराना है।

## गंगोत्री सर्वे

राज्य सरकार गंगोत्री क्षेत्र में केदारताल का स्थलीय सर्वेक्षण कर जियोलॉजिकल सर्वे करेगी, जिससे भविष्य में आने वाली आपदाओं से बचा जा सके या फिर उससे होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण और बीरबल साहनी पुरावनस्पतिविज्ञान संस्थान लखनऊ द्वारा स्थानीय जनपद प्रशासन के सहयोग से इस माह सर्वेक्षण के लिए केदारताल एक्सपीडिशन जाना प्रस्तावित है जो केदारताल में पानी की गहराई और चौड़ाई का जायजा लेंगे और भविष्य में किसी प्रकार की आपदा के खतरे का भी निरीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया बताया कि उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण और बीरबल साहनी पुरावनस्पतिविज्ञान संस्थान लखनऊ केदारताल की डाइमेंशन और गहराई की डिटेल सर्वे करेगी।

## टिहरी विधिक सेवा

टिहरी गढ़वाल जिले के ढालवाला में राज्य स्तरीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से एक वृहद विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड के मुख्य न्यायमूर्ति गुहनाथन नरेन्दर ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को कानूनों की सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शिविर में आपदा के दौरान प्रभावित लोगों को तुरंत राहत और उनकी दी जाने वाली सहायता के साथ कानूनी जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य विधिक प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रमोद कुमार मणि ने बताया कि शिविर में कई आपदा प्रभावितों की समस्याओं का समाधान किया गया। टिहरी के जिला जज अमित कुमार सिरोही ने कहा कि इसमें कानूनी जानकारी के अलावा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए हैं।

**कफ सिरप अभियान**

देहरादून जिले में प्रतिबंधित कफ सिरप और अन्य प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री रोकने के लिए उप औषधि नियंत्रक व खाद्य संरक्षा एवं औषधि विभाग लगातार मेडिकल स्टोर और थोक विक्रेताओं के यहां छापा मार अभियान चला रही है। इस दौरान कई मेडिकल स्टोरों में प्रतिबंधित दवाओं को सील किया गया साथ ही निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर एक औषधि विक्रय प्रतिष्ठान के क्रय–विक्रय पर रोक लगा दी गई है। कार्यवाही के दौरान 11 औषधियों के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए व अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजे गए हैं। देहरादून के औषधि निरीक्षक मानेंद्र राणा ने बताया कि टीम ने अब तक कई इलाकों में मेडिकल स्टोरों व थोक विक्रेता फ़र्मो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित दवाओं को मौके पर सील कर दिया गया।